राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड

राज्य कृषि प्रबन्ध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर

क्रमांकः प.14(65)(1)RSSB/अर्थना/म.अ.वि./सुपरवाईजर/पात्रता/2019/67 दिनांक : 11.01.2022

कार्यालय आदेश

बोर्ड द्वारा महिला अधिकारिता विभाग, जयपुर के लिये राजस्थान महिला अधिकारिता (राज्य एवं अधीनस्थ) सेवा नियम–2017 एवं राजस्थान अनुसूचित क्षेत्र अधीनस्थ, मंत्रालयिक एवं चतुर्थ श्रेणी सेवा (भर्ती एवं सेवा की अन्य शर्तें) नियम, 2014 के अन्तर्गत महिला अधिकारिता विभाग के लिये सुपरवाईजर (महिला अधिकारिता) के कुल 186 (गैर अनुसूचित क्षेत्र के 164 एवं अनुसूचित क्षेत्र के 22) पदों पर भर्ती के लिए ऑनलाईन आवेदन पत्र (On Line Application Form) आमन्त्रित किये गये थे। इस परीक्षा का परिणाम बोर्ड द्वारा दिनांक 22.07.2019 को जारी किया गया है।

महिला सुपरवाईजर (महिला अधिकारिता) सीधी भर्ती–2018 में गैर अनुसूचित क्षेत्र में रिक्त रहे 02 पदों के विरूद्ध 05 एवं अनुसूचित क्षेत्र में रिक्त रहे 01 पद के विरूद्ध 03 अभ्यर्थियों को पात्रता की जांच एवं दस्तावेज सत्यापन के लिये सूचीबद्ध किया गया है। इन अभ्यर्थियों की पात्रता की जाँच मूल दस्तावेजों से की जानी है। साथ ही पात्रता एवं दस्तावेज सत्यापन हेतु सूचीबद्ध अभ्यर्थियों से विस्तृत आवेदन पत्र (दो प्रतियों में) भी लिया जाना है। अतः महिला सुपरवाईजर (महिला अधिकारिता) सीधी भर्ती–2018 में उक्त सूचीबद्ध अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि वे दिनांक 20.01.2022 को राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, राज्य कृषि प्रबन्ध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर पर प्रातः 10:00 बजे मूल दस्तावेजों के साथ उपस्थित होवें। साथ में विस्तृत आवेदन भी दो प्रतियों में साथ लाना है। अधिक जानकारी के लिये बोर्ड की वेबसाईट www.rsmssb.rajasthan.gov.in का अवलोकन करें।

रोल नम्बर	दिनांक
193622 292927 376948 402847 424871 497475 497040 497033	20.01.2022

पात्रता की जांच हेतु उपस्थित होते समय अभ्यर्थी निम्न बातों का विशेष रूप से ध्यान रखे :–

1. विस्तृत आवेदन भरने से पूर्व बोर्ड की बेवसाइट www.rsmssb.rajasthan.gov.in पर "अंतिम चयन हेतु विस्तृत आवेदन सह परिनिरीक्षा प्रपत्र भरने हेतु आवेदकों के लिये आवश्यक निर्देश" एवं महिला सुपरवाईजर (महिला अधिकारिता) सीधी भर्ती–2018 के लिये दिनांक 13.03.2018 को जारी विज्ञप्ति का ध्यानपूर्वक अध्ययन कर ले। विस्तृत आवेदन सह परिनिरीक्षा प्रपत्र एवं निर्देश तथा विस्तृत आवेदन का प्रारूप मय प्रपत्रों के बोर्ड की बेवसाइट www.rsmssb.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है।
2. विस्तृत आवेदन दो प्रतियों में अलग–अलग लाना है। विस्तृत आवेदन की फोटोप्रति स्वीकार नही की जायेगी। विस्तृत आवेदन की एक प्रति के साथ 100/रू. का भारतीय पोस्टल ऑर्डर, सचिव, राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर के नाम से संलग्न करना है।

3. शैक्षणिक योग्यता, आयु, श्रेणी(अनुसूचित जाति, अनु. जनजाति, अन्य पिछडा वर्ग), विशेष श्रेणी(भूतपूर्व सैनिक,उत्कृष्ट खिलाडी, विशेष योग्यजन, अनुसूचित क्षेत्र), चरित्र, वैवाहिक स्थिति(विधवा, परित्यकता), संतान संबंधी, सेवारत होने संबंधी **मूल प्रमाण–पत्र एवं दस्तावेज तथा स्वंय का पहचान पत्र आवश्यक रूप से साथ लावें।**

4. सभी वर्ग के ऐसे अभ्यर्थी, जिनके परिवार की वार्षिक आय 2.50 लाख रूपये से कम है तथा वें परीक्षा शुल्क रूपये 250/– ही जमा कराते है, ऐसे अभ्यर्थी अपने परिवार की वार्षिक आय 2.50 लाख रूपये से कम होने का सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी आय प्रमाण–पत्र पात्रता जांच एवं दस्तावेज सत्यापन के समय आवश्यक रूप से प्रस्तुत करना होगा।

5. विस्तृत आवेदन पत्र के साथ प्रमाण–पत्रो एवं दस्तावेजों की स्वंय द्वारा प्रमाणित प्रति संलग्न करें।

(पुष्करराज शर्मा)
सचिव